# निर्यात की तैयारियों में यूपी शीर्ष दस में शामिल

लखनऊ, विशेष संवाददाता। निर्यात के लिए व्यापक तैयारियों के मामले यूपी पूरे देश के शीर्ष दस राज्यों में शुमार किया गया है। इस मामले में उसकी रैंक सातवीं हैं तो वहीं गैरसमुद्रीय तट वाले राज्यों की सूची में यूपी तीसरे स्थान पर है। जबकि यूपी के सर्वाधिक निर्यात करने वाला जिले गौतमबुद्धनगर की निर्यात में हिस्सेदारी पूरे देश में 2.18 प्रतिशत है। हाल में जारी केंद्र सरकार की नवीनतम रिपोर्ट एक्सपोर्ट प्रीपेरडनेस इंडेक्स 2022 में यह तथ्य उजागर हुए हैं।

इसमें यूपी को विभिन्न मानकों पर 61.23 अंक मिले हैं। यूपी ने औद्योगिक कलस्टर की संख्या, निर्यात, निर्यातकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चारो ओर जमीन से घिरे यूपी ने मोबाइल फोन, मीट, व एल्युमीनियम उत्पादों के निर्यात में अच्छी प्रगति की है। इस कारण यूपी का निर्यात 2022 में 21 बिलियन डालर पहुंच गया है। यूपी में 23 आईटी फार्मा पार्क निर्यात बढ़ाने में सहायक हैं। इसके अलावा बड़ी तादाद में शीतगृह भी हैं। राज्य के निर्यात वाले उत्पादों में 34 को जीआई टैग मिल चुका है। रिपोर्ट से पता चलता है कि जिला स्तरीय निर्यात योजना, निर्यात सुविधाएं, शिकायत निवारण सेल में, जिलेवार आंकड़े उपलब्धता में यूपी की स्थिति बेहतर है। कृषि निर्यात जोन व औद्योगिक पार्कों की कमी है। निर्यातकों के लिए वर्कशाप भी कम होती हैं। इंटरनेट सुविधा अपेक्षाकृत कम है। कलस्टर, कोल्ड स्टोरेज की संख्या पर्याप्त है।

**इसकी है जरूरत:** राज्य में आधारभूत ढांचे में और बेहतर करने की जरूरत है। उद्योगों के लिए बिजली में मांग व आपूर्ति में भारी अंतर है। निर्माण इकाईयों को उत्पादों में वैल्यू एडीशन की जरूरत है।

**07** वें स्थान पर है देश में, गैर समुद्र तटीय वाले राज्यों में तीसरे स्थान पर

## उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन

| मानक | अंक |
|---|---|
| नीति | 94.92 |
| निर्यात इकोसिस्टम | 56.94 |
| बिजनेस इकोसिस्टम | 49.74 |
| निर्यात प्रदर्शन | 51.28 |

## यह हैं मानक

नीति के लिए 20 प्रतिशत, बिजनेस इकोसिस्टम के लिए 40 प्रतिशत, एक्सपोर्ट इकोसिस्टम के लिए 20 प्रतिशत, एक्सपोर्ट परफार्मेंस के लिए 20 प्रतिशत अंक रखे गए हैं। इसमें बिजनेस इकोसिस्टम में कारोबारी माहौल, बुनियादी ढांचा व परिवहन जैसे उपमानक शामिल किए गए हैं।